NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# राजस्थान-हरियाणा में बिक रही थी नकली खाद, गाजियाबाद में एसटीएफ ने पकड़ा गोदाम, 900 कट्टे जब्त



विभु मिश्रा, गाजियाबाद: यूपी एसटीएफ और मुरादनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार को बीएसएनल चौक स्थित बंबा रोड पर नकली खाद बनाने और बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। मौके से नकली खाद और डीएपी के 900 कट्टे बरामद हुए। गोदाम मालिक राहुल सिंघल को टीम ने हिरासत में लिया है।

एसटीएफ की टीम कई दिनों से इस गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। बुधवार को गोपनीय सूचना पर बंबा रोड स्थित एक गोदाम में छापा मारा। जांच में पता चला कि यहां डीएपी और अन्य खाद के नाम पर नकली खाद और नकली डीएपी की पैकिंग कर सप्लाई की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने लगभग 900 कट्टे नकली खाद और डीएपी बरामद किए। जिला कृषि अधिकारी और तहसीलदार की मौजूदगी में पूरा गोदाम सील कर दिया गया।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ghaziabad/up-stf-ghaziabad-police-raid-fake-fertilizer-godown-seize-900-bags-latest-news-update/articleshow/124593604.cms